संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती मनाई गई

भीकनगांव (इंदौर समाचार)। सामाजिक सदस्यों द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जन्मजयंती मनाई गई जनजाति कार्य विभाग के विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेशचंद्र पटेल द्वारा अंबेडकर भवन में बाबा साहब की मूर्ति का पूजन कर माल्यार्पण किया गया तत्पश्यात समाजजनों ने माल्यार्पण किया गया

समाजसेवी मनोज मोरे ने बताया कि वैसे तो भारतीय समाज की अवधारणा स्वयंभेव सर्वव्यापी एवं सर्व समावेशी है वह बहुजन हिताय से कही आगे बढ़कर सर्व हिताय की बात करती है मगर इसके बावजूद यह स्वीकार करना होगा कि काल के प्रवाह एवं विदेशी आक्रांताओं के कारण यह भूमिका पीछे छूटती चली गई एवं विकृति ने संस्कृति को विस्थापित कर दिया गया !इसी के परिणामस्वरूप व्यवस्था में विषमता का विष का विष घुल गया तथा शोषण,अन्याय, उपेक्षा एवं अवमामनना का ऐसा राक्षसी सोच दिमाग पर हावी होता चला गया जिससे अपने ही समाज बंधुओ को दलित बना कर रख दिया गया धर्म के कथन को समाज के कर्म का साथ नहीं मिला धर्म शास्त्रों की गलत,मनमानी एवं स्वार्थ प्रेरित व्याख्या होती रही जिसके परिणामस्वरूप समाज में जातिव्यवस्था हावी हो गई कहते है कि जब संस्कृति का हास होता है तो महापुरुष पैदा होते है छुआछूत वाले समय में बाबा साहब का जन्म हुआ एवं जिन्हें जातिवाद का विकराल रूप देखा जब वह पड़ते थे तो उन्हें कक्षा में अलग बिठाया जाता था उन्हें पानी पीने के पात्र से पानी नहीं पीने दिया जाता था,उन्होंने सबसे अलग रह कर पढ़ाई की एवं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सविधान निर्माता का गौरव प्राप्त किया बाबा साहब ने संविधान में सबको बराबर लाने एवं विशेष कर पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को समान अधिकार दिलाए !

बाबा साहब ने जातिवाद से दुखी होकर कहा कि मेरा जन्म तो हिंदू धर्म में हुआ लेकिन मेरी मृत्यु हिंदू धर्म में नहीं होगी इसी के परिणाम स्वरूप अनेक धर्मों के धर्म गुरुओं ने उन्हें अपने धर्म में शामिल होने के लिए कहा क्योंकि सभी धर्म गुरु जानते थे कि बाबा साहब के देश भर में लाखों अनुयायि है जो कि बाबा साहब के साथ अपने धर्म में आ जायेगे लेकिन बाबा साहब सभी की मंशा समझते थे कि इस स्थिति में हिंदू धर्म अल्पसंख्यक बन जाएगा इस कारण बाबा साहब ने मुस्लिम,ईसाई की चाल में नहीं आकर बुद्ध धर्म अपनाया जो कि सबको समानता एवं न्याय की बात करता हैं। इस दौरान योगेश बोरियाले,सतीश मोरे,दिलीप पीपल्दे,कमल सोलंकी,धर्मी मोरे,मुकेश नामदेव, मुन्ना लहरी,अनोखीलाल चौहान सहित अनेक समाजगण उपस्थित थे।

डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है - विधायक गहलोत

जिला स्तर पर धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती

आगर-मालवा। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नवीन मांगलिक भवन, कंपनी गार्डन आगर-मालवा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मधु गेहलोत उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई द्वारा किया गया, वहीं कार्यक्रम की रूपरेखा जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग शेखर उइके ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान, गिरधारीलाल मालवीय, जिला पंचायत सदस्य डा. मोहन मकवाना एवं पर्वतलाल गुहाटिया, महेरबान सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं कनक चौहान, दिलकुश मालवीय, सुमित भिलाला, रविंद्र चंद्रवंशी एवं अंतरजातीय विवाह करने वाले जोड़ों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बालिका पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की छात्राओं ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक समरसता के विचारों पर आधारित नृत्य-नाटक की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के छात्र ईश्वर सूर्यवंशी को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक गेहलोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान किए और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता एवं भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाएं और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर गिरधारीलाल मालवीय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शरद बरिशया द्वारा किया गया तथा अंत में राकेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

नगर पालिका ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर वितरित किए आवासीय पट्टे

आगर-मालवा। आज संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद आगर द्वारा आवासीय पट्टा वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से वर्षों से अपने आवास के मालिकाना हक की प्रतीक्षा कर रहे हितग्राहियों को पट्टे वितरित कर उन्हें सौगात दी गई।

मंच पर उपस्थित गरिमामयी उपस्थिति- कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, विधायक मधु गेहलोद, जिला महामंत्री मयंक राजपुत एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री भैरुसिंह जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री निलेश जैन द्वारा की गई। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधिगण जगदीश गवली, गौरव जैन, गोपाल कुंभकार, रानूराज सिंह नरवाल, अर्जुन गवली एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक प्रजापत ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में तहसीलदार विजय कुमार सेनानी, नायब तहसीलदार भंवर सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (इन्चार्ज) श्री कुशल सिंह डोडवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सशक्त बनाने की बात कही। सैकड़ों हितग्राहियों के चेहरे तब खिल उठे जब उन्हें विधिवत रूप से आवासीय पट्टों का वितरण किया गया, जिससे अब वे अपने स्वयं के पक्के मकान का सपना साकार कर सकेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन ने सभी हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि परिषद निरंतर जनहित के कार्यों और पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संकल्पित है।

भव्य चल समारोह के साथ मनाई गई डॉ.अंबेडकर की जयंती, माल्यार्पण कर किया नमन

सारंगपुर। डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर में भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय भीमराव अंबेडकर पार्क में स्थापित डॉ. अंबेडकर के स्मारक पर माल्यार्पण कर की गई। भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इसके पश्चात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। समारोह में बैंड-बाजे, झांकियां और जय भीम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। प्रतिभागियों ने डॉ. अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता एवं भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।इस दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पर,कांग्रेस अध्यक्ष आविद लोदी अधिवक्ता सहित अन्य मौजूद थे।

जगतगुरु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी का 549वां प्राकट्य महोत्सव मनाया, निकली भव्य शोभा यात्रा

आगर मालवा। जगतगुरु महाप्रभु श्रीमद् वल्लभाचार्य जी का 549 वा प्राकट्य महोत्सव श्रद्धा ओर भक्ति भाव से 13अप्रैल से 13 अप्रैल तक बड़े धूमधाम से मनाया गया इस तीन दिवसीय आयोजन अंतर्राष्टीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद युवा परिषद महिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस दिन पुष्टिमार्गीय हवेलियों में प्रातः पलना महोत्सव एवं दोपहर राज भोग में तिलक आरती की गई बड़ी संख्या में वैष्णव जनों ने ठाकुर जी के दर्शनों का लाभ लिया । इसी दिन सायं 5.30 बजे कुम्हारों का मठ नाना बाजार से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो गोपाल मंदिर सरकार बाड़ा छटपूरा झंडा चौक होते हुए माहेश्वरी भवन पहुंची यात्रा का जगह-जगह नागरिकों ने एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्पों से उपरना ओडाकर मिठाई बाट कर ठंडा पिलाकर स्वागत किया स्वागत किया।शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में वैष्णवजन शामिल हुए पुरुष सफेद वस्त्र के साथ केसरिया दुपट्टा गले में डाले हुए थे महिलाएं सीर पर कलश धारण किए हुए मांगलिक वेशभूषा में शामिल हुई। यात्रा में महाप्रभु जी की आकर्षक झांकी फूलों से सजाई गई थी नवयुवक वल्लभाचार्य जी के जयकारे लगाते हुए भजन कीर्तन गाते हुए चल रहे थे।पश्चात माहेश्वरी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ परिषद के अध्यक्ष रामचन्द्र सोनी हरिवल्लभ मूंदड़ा श्री कृष्ण दास पालीवाल रमेश अटल केंद्रीय समिति सदस्य प्रदीप मेठी डॉक्टर विवेक मालानी मंचस्थ थे अतिथियों ने महाप्रभु जी की छवि पर तिलक कर ऊपरना ओढ़ाया इसके बाद आरती की गई बधाई गान गाया गया। प्रदेश संयोजक युवा प्रकोष्ठ प्रवीण मूंदड़ा सहित अतिथियों ने वल्लभाचार्य जी के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुष्टिमार्ग एक ऐसा आध्यात्मिक मार्ग है जो भक्ति सेवा ओर प्रेम पर आधारित है उनका यह मानना था कि ईश्वर को केवल प्रेम ओर समर्पण के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है न कि कठोर तप या व्रतों के माध्यम से। महाप्रभु जी ने तीन बार पैदल पृथ्वी परिक्रमा कर 84 बैठकों की स्थापना देश के विभिन्न राज्यों में की ।आज के व्यस्त व तनावपूर्ण जीवन में वल्लभाचार्य जी का यह दृष्टिकोण अत्यंत प्रासंगिक है। इसके साथ ही 450वी जयंती तक 1 करोड़ अष्टाक्षर महामंत्र के जाप का लक्ष्य लिया गया जिसकी शुरुआत वैष्णव जनों द्वारा आज से की गई।कार्यक्रम के पश्चात सभी वैष्णवजन को महाप्रसादी ग्रहण कराई गई ।उक्त जानकारी परिषद के सचिव प्रमोद जोशी ने दी।

जैन समाज के युवाओं को कमान सौंपी, दिगंबर जैन युवा महासभा खरगोन जिले के पदाधिकारी नियुक्त...

भीकनगांव (अर्पित जायसवाल इंदौर समाचार)। भारतवर्ष दिगंबर जैन युवा महासभा के राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष विवेक मेहता ने खरगोन जिले में जिला अध्यक्ष पद पर पारस जैन कासलीवाल भिकनगांव, महिला शाखा अध्यक्ष उर्मिला जैन सनावद एवं जिला महामंत्री पद पर आशीष जैन लोनारा को मनोनीत किया है।

समाजसेवी पारस जैन कासलीवाल पिछले कई वर्षों से समाज सेवा एवं राजनीतिक क्षेत्र में बहुत सक्रिय हैं साथ ही महामंत्री आशीष जैन मुनि भक्ति एवं जैन समाज के लिए अग्रणी रहते हैं महिला शक्ति के रूप में उर्मिला जैन सनावद हमेशा महिलाओं के उत्थान के लिए और जैन साधु संतों की सेवा में अग्रणी रही हैं मेहता ने नवनियुक्त पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि शीघ्र ही वह जिला पर दिगंबर जैन महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन करें एवं खरगोन जिले में जितने भी जैन बाहुल्य कस्बे हैं वहां पर भी कार्यकारिणियों का गठन करें महिला एवं छात्र शाखों के गठन के लिए उन्होंने विशेष आग्रह किया है साथ ही जैन जाति जनगणना अभियान एवं मुनियों के विहार एवं जैन मंदिरों के अंदर चलने वाली पाठशालाओं के संचालन हेतु आग्रह किया गया है खरगोन के पदाधिकारी की नियुक्ति

सेन समाज ने 726 वी सेन जयंती पर चल समारोहों निकाला

सारंगपुर। श्री सेन जी महाराज की 726 वी जयंती के पावन अवसर पर सेन समाज द्वारा भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बटकेश्वर मंदिर पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई, जिसके बाद समाजजनों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ चल समारोह निकाला। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसमें महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुजन हाथों में ध्वज एवं बैनर लेकर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ रहे थे, वहीं कई स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,जुगल चौहान,सुदर्शन चौहान,रवि सेन सहित समाज के वरिष्ठजनों ने श्री सेन जी महाराज के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने एवं आपसी एकता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक रहा।

नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर संपन्न

सारंगपुर। मंगलवार को दीनदयाल चौराहा पर मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन सहयोगी संस्था प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि एवं मां सरस्वती तथा संत हिरदाराम के चित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान आंख जांच केंद्र के सहयोगी संस्था अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार ने बताया कि "नेत्र ज्योति ही जीवन ज्योति है, इसलिए हमें अपनी आंखों के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए।" उन्होंने जानकारी दी कि सेवा सदन, संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ (भोपाल) द्वारा प्रतिमाह निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण कर सफल ऑपरेशन किए जाते हैं।

वही संस्था के सचिव नंदकिशोर सोनी ने बताया कि शिविर में कुल 91 मरीजों का पंजीयन कर ब्लड प्रेशर, शुगर एवं आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 29 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, 26 लोगों को चश्मे के नंबर दिए गए, जबकि 34 मरीज सामान्य पाए गए। सामान्य

मरीजों को आंखों की देखभाल संबंधी आवश्यक सलाह दी गई। मोतियाबिंद से पीड़ित 29 मरीजों को उपचार हेतु बस द्वारा भोपाल भेजा गया। शिविर संयोजक कांतिलाल सूरजमल चौधरी एवं संचालक अरविंद अनूप चौधरी द्वारा मरीजों के लिए भोजन पैकेट, पानी की बोतल, चाय-बिस्कुट आदि की व्यवस्था की गई। ऑपरेशन के पश्चात इन मरीजों को 16 अप्रैल को पुनः वाहन द्वारा सारंगपुर लाया जाएगा। इस दौरान रामनारायण टेटवाल, विष्णु प्रसाद जोशी, वल्लभ स्वर्णकार, लक्ष्मीचंद शर्मा, रमेशचंद गुजरिया, राजेंद्र टेटवाल, शिवनारायण मालवी, प्रदीप सादानी, हरिनारायण त्रिकार, जय हिंद प्रकाश दुबे सहित नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विशाल कुशवाह एवं सहयोगी नीरज विश्वकर्मा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

एक्टिवा और बाइक सवार बदमाशों ने की आईफोन लूट की दो वारदातें

भोपाल। राजधानी में लूट की वारदाते लगातार सामने आ रही है। एमपी नगर इलाके में बीते दिनों मोबाइल झपटने की दो वारदातें सामने आई जिनकी जाँच के बाद पुलि ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पहली वारदात 6 अप्रैल को बैनट्री होटल के नजदीक हुई थी। फरियादी आरिफ खान पिता मोहम्मद मुनिस खान (31) ने अपनी शिकायत में बताया की वह टीटी नगर स्थित तुलसी नगर के पास न्यू नर्मदा भवन के पास रहते हैं, और निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। एक्टिवा सवार दो बदमाश 6 अप्रैल को उनका आईफोन झपटकर चंपत हो गये थे। पुलिस का कहना है की वारदात के बाद पीड़ित शहर से बाहर चला गया था। वहाँ से लौटने के बाद उसने शिकायत दर्ज कराई है। दूसरी वारदात जहांगीराबाद स्थित चर्च रोड निवासी आशीष रंजन देवेंद्र प्रसाद सिंह (36) के साथ 8 अप्रैल की रात लगभग दस बजे हुई थी। उन्होंने पुलिस को बताया की वह रोड कंस्ट्रक्शन कारोबारी हैं। घटना वाले दिन वह बैंक स्ट्रीट स्थित आईडीएफसी बैंक के सामने खड़े होकर मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। उसी समय बाइक पर सवार दो युवक उनके नजदीक आए और तेती से झपटा मारकर आईफोन छीनकर नौ दौ ग्यारह हो गए। दोनों मोबाइल की कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई जा रही है। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियो का सुराग जुटाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाल रही है।

साईं भक्तों ने 17 व साईं महोत्सव मनाया

सारंगपुर। स्थानीय साईं मंदिर में 17 वें साईं महोत्सव एवं स्थापना दिवस के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे श्रद्धा भाव के साथ छोटी-छोटी कन्याओं को मां का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया। इस अवसर पर कन्याओं के चरण धोकर तिलक लगाया गया तथा उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी कन्याओं को स्वादिष्ट भोजन कराया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्ति का माहौल बना रहा, जहां साईं बाबा के भजन-कीर्तन और आरती का आयोजन भी किया गया। आयोजन समिति के सदस्य महेश प्रजापति ने बताया कि साईं महोत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन हिस्सा ले रहे हैं। कन्या पूजन को विशेष महत्व देते हुए समाज में नारी सम्मान और सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने साईं बाबा से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,प्रमोद सदानी,पार्षद कुलदीप राठौर,राकेश पुष्पर, करण परिहार सहित साईं भक्त मौजूद रहे।